Title: Need for Governments intervention and formation of a high level Committee to suggest various measures to save the coal mines from closure.

श्री हंसराज जी.अहीर (चन्द्रपुर) : अध्यक्ष जी, कोल इण्डिया की लगभग 24 खदान बंद होने की कगार पर हैं जिनमें हजारों मजदर काम करते हैं। डी.आर.सी. खदान का खनन बंद किया गया है इसलिए 1600 मजदर बेकारू हुए हैं। मेरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र चन्द्रपर जिला में यह खदान 1979 से चल रही थी और नागपुर येवतमाल जिल की खदानों के सन्दभ में पर्यावरण मंत्रालय ने हाईकोट में याचिका दाखिल की थी। इस याचिका के आधार पर माननीय नागपुर उच्च न्यायालय ने उन खदानों को बंद करने का आदेश दिया है। इसका असर वहाँ पर काम करने वाले हजारों मजदरों पर होगा। इसके साथ ही कोयल के उत्पादन में कमी आने से, कोयला आधारित विद्यतगृहों पर भी इसका असर पड़ सकता है। अतः मेरा सरकार से निवेदन है कि इस मामले में हस्तक्षेप करे और एक उच्चस्तरीय समिति का गठन करके इन खदानों को बंद होने से बचाया जाए तथा रक्षा की जाए।